सकारात्मक- सूचनात्मक उपयोगी समाचार

डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ–153–2025–2027
RNI No. UPHIN/2009/31760
प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981

# हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर

केन्द्र सरकार, राज्य सरकार उत्तर प्रदेश, विद्युत विभाग से विज्ञापनों हेतु स्वीकृत

आनंद रामायण
YouTube Channel
@Shram Shikhar
@Sadbhavna Waves
WATCH SHARE & SUBSCRIBE
ऑनलाइन/ऑफलाइन कार्यक्रम कवरेज लाईव/ रिकॉर्डिगं उपलब्ध है।
M. 9219660359

श्रीकृष्णा भवन ( गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स) 283, वैस्टर्न कचहरी मार्ग, मेरठ। फोन: 0121-2641338 E-mail : shramshikhar@gmail.com

वर्ष 16 अंक 48 विक्रम संवत 2081 मार्गशीर्ष कृष्ण दशमी से मार्गशीर्ष कृष्ण अमावस्या 25 नवम्बर सोमवार से 01दिसम्बर रविवार 2024 तक पृष्ठ 04 मूल्य 8रू/-

**शासन-प्रशासन जानकारियां**

## ए.एम.यू. विश्वविद्यालय में सेवानिवृत्ति प्रो. साबिर को 50 लाख मदद से प्रतिभावान छात्रवृत्ति कोष स्थापित

### सरकार–संस्थाओं के स्तर पर अतुल जैसी स्थिति की मदद व्यवस्था बनें।

उ.प्र. के अलीगढ़ स्थित अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय (ए.एम.यू) से सेवा निवृत्त प्रो. डॉ. सुहैल साबिर द्वारा 50 लाख रूपये दान कर ए.एम.यू. विश्वविद्यालय के योग्य छात्रों के लिए छात्रवृत्ति हेतू एडीमेंट छात्रवृत्ति कोष स्थापना हेतू विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी को चेक दिया है।

प्रो. सुहैल ने उन छात्रों की मदद करने पर बल दिया जो प्रतिभा के होते हुए भी शिक्षा को खर्च वहन हेतू संघर्ष करते है। प्रो. साबिर के अनुसार ही करीब ४० विश्वविद्यालय के छण प्रतिवर्ष इस बंदोबस्ती निधि से छात्रवृत्ति पर सकेगें। विश्वविद्यालय में समिति इस केष एंव छात्रवृत्ति प्रदान की व्यवस्था हेतू बनाई गई है। निश्चित ही प्रो. साबिर का प्रयास सराहनीय एंव प्रेरक है। इस कोष से छात्रवृत्ति बिना धर्म, जाति में दी जायें।

छात्रवृत्ति निर्धन या प्रतिभावन छात्रों को उनके परीक्षा परिणाम पर प्रदान करने हेतू सरकारी संस्थानों व उद्यम आदि स्तर से दी जाती है। इन छात्रवृत्ति के माध्यम से बड़ी में प्रतिभाएं अपनी पढाई या शोध आदि जारी रख पाते है। या इसके लिए आर्थिक विषमता में राहत पाते है।

उ.प्र. के अतुल की स्थिति....

देश ही नही विदेश में इंजीनियरिंग की शिक्षा के आई.आई.टी संस्थान में चयन होने पर भी उसकी उसकी फीस जमा करने में आई विषमता और उसमेंनिपटने के लिए उ.प्र. के मुज्जफरनगर विषमता और जाति से संबंध रखने वाले छात्र अतुल कुमार को धनबाद आई.आई.टी में प्रवेश के लिए समय से प्रवेश खर्चा न जुटा पाने से वंचित होने पर अनुमति हेतू उच्चतम न्यायालय जाना पड़ा। उच्चतम न्यायालय द्वारा अपने न्याय के विशेषधिकार का इस्तेमाल कर नियम समय के बाद भी एक अतिरिक्त सीट सहज कर प्रवेश के उक्त इंजीनियरिंग संस्थान को आदेश करने पड़े। यह सदृढता उ.प्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की हुई की उन्होनें उक्त आर्थिक विषमता उठा रहे छात्र की इंजीनियरिंग पढाई का खर्च उ.प्र. सरकार द्वारा वहन करने का निर्णय कर दिया।

अपेक्षा है कि.........

सरकार व भारत वर्ष की हो या राज्य स्तार की अनके यहां इस तरह के कोष प्रतिभा छात्र जिन्हें अपनी शिक्षा को आर्थिक तंगी में खर्च उठाने में असमर्थता वश प्रवेश से वंचित या बीच में छोडने की मजबूरी होने पर मदद के लिए अदालत न जाकर सरकार व समाजिक व अन्य स्तर के छात्रवृत्ति देते रहने वालों को इस तरह के खर्च वहन या मदद करने की व्यवस्था बनानी चाहिए।

विभिन्न माध्यमों से शिक्षा को बनाये रखने या प्रवेश के लिए मदद के छोटे मोटे प्रयास वर्तमान में भी होते रहते है। परन्तु सरकारी, अर्द्धसरकारी या समाजिक स्तर पर ऐसा कोई मंच या स्तर नही जिसके माध्यम से अतुल जी मजदूरी वाले मदद पाकर समय से प्रतिभा को बढाने हेतू वंचित न हो या उन्हे अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़े।

निश्चित ही प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा प्रदेश के इस प्रतिभावान छात्र अतुल की न्यायालय की प्रकार के साथ खुद ने भी सुना और अपनी कैबिनेट के समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण की अतुल के परिवार से सम्पर्क कर हर संभव मदद के आश्वासन व पढाई खर्च सरकार द्वारा उठावाने की जानकारी देने को कहा। सरकार प्रवेश फीस भरने से लेकर पूर्ण पढ़ाई खर्च उठायेगी।

उम्मीद है................

उ.प्र. का समाज कल्याण मंत्रालय प्रत्येक जनपद में अपने विभाग में अतुल जैसी परिस्थिति के आवेदन लेकर उन पर उच्चतम न्यायालय के अपने विशेषधिकार के इस्तेमाल की भांति मदद कर शिक्षा वह भी उच्च शिक्षा या शोध से वंचित नही होने देने की व्यवस्था बनायेगा।

तब ही तो........

इस व्यवस्था से ही अतुल का यह विचार की आत्महत्या का विचार मन में नही लाना चाहिए, क्योंकि एक अवसर समाप्त होता है। तो दूसरा खुल जाता है।




साकार होने को बल मिलेगा। उ.प्र. के समाज कल्याण विभाग द्वारा अतुल के इंजीनियंरिंग में प्रवेश खर्च के साथ उसकी सम्पूर्ण पढाई के खर्च वहन उठाने निर्णय तथा इससे पूर्व भी सहारनपुर के एक मुस्लिम छात्र के साथ की शिक्षिका द्वारा भेदभाव करने पर मामले के उच्चतम न्यायालय द्वारा सुझान लिए जाने पर उसकी पढाई व प्रवेश का खर्चा उठाने का निर्णय लिया जा चुका है। स्पष्ट है सरकार के यहां इस तरह आर्थिक विषमता में शिक्षा जारी रखने में मदद की व्यवस्था है।

इस मदद को पाने के लिए जिस जागृति एंव व्यवस्था की जरूरत है। उसकी कमी है हम अपेक्षा करेगें। कि समाज कल्याण विभाग इस जानकारी को अधिकारिक जरूरतमंदो तक पहुंचाने के लिए प्रति वर्ष छात्रवृत्ति देने के प्रयासों की भांति प्रमुखता दें।

श्रम शिखर शिक्षण संस्थानों व सरकारी हो या अर्द्धसरकारी या पूर्णतः निजी या फिर किन्ही मिशन या धार्मिक समाजिक संस्थान प्रबंध भी आर्थिक विषमता में दाखिला या पढाई जारी रखने में आने वाली विषमता में दाखिला या पढाई जारी रखने में आने वाली विषमताओं में सदृढता व मानवीयता को स्थान दें। उच्चतम न्यायालय के अपने विशेष प्रावधान का अतुल या अन्य शिक्षा पाने वाले के मामलों में करने की भातिं अपने मानवीय विवेक की प्रमुखता देकर प्रतिभाओं को वंचित न होने दें।

–श्रम शिखर ब्यूरो

Print I Outdoor I Electronic I Signage I Film I Event I Magazine I Digital Media I Media International I Awareness Program I All News Paper
R- Reliable R-Reas on able
RR
Estd. 1979
ADVERTISING SERVICES
Ph. 0121-2641338, 9412203620, 9219660360 | Email- rradvertisingmeerut@gmail.com




# जिलाधिकारी ने मेरठ महोत्सव की तैयारी के संबंध में की उद्यमियो के साथ बैठक



15 दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक भामाशाह पार्क में आयोजित किया जायेगा मेरठ महोत्सव आज विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में मेरठ महोत्सव की तैयारियो के संबंध में उद्यमियो के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि मेरठ महोत्सव 15 दिसम्बर से 19 दिसम्बर 2024 तक भामाशाह पार्क में आयोजित किया जायेगा। उन्होने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य शहर की समृद्ध कला, संस्कृति, धरोहर, वाणिज्य और व्यापार का राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढावा देना है। यह महोत्सव कला प्रेमियो, पर्यटको, निवशको और उद्यमियो के लिए एक विशेष अवसर प्रदान करेगा जहां वे शहर की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और व्यवसायिक संभावनाओ का अनुभव कर सकेंगे। जिलाधिकारी महोदय द्वारा मेरठ महोत्सव आयोजन के संबंध में उद्यमियो से सुझाव मांगे गये। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, नगर आयुक्त सौरभ गंगवार, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, उपायुक्त उद्योग दीपेन्द्र कुमार, महोत्सव क्यूरेटर गौरव गर्ग सहित उद्यमी उपस्थित रहे।

मेरठ को वश्विैश्विक मंच पर पहचान यह महोत्सव न केवल शहर की सांस्कृतिक और आर्थिक समद्धि को प्रस्ततु करेगा, बल्कि इसे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों और पर्यटकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में स्थापित करेगा। इस आयोजन के माध्यम से मेरठ को एक नई पहचान मिलेगी, जो इस के ऐतिहासिक महत्व और आधनुिनिक औद्योगिक क्षमता को प्रदर्शित करेगा। मेरठ महोत्सव का आयोजन 15 से 19 दि संबर 2024 तक होगा, और यह समय शहर के नागरिकों और आगंतकुों के लिए एक खास अवसर होगा, जब वे मेरठ की कला, संस्कृति और वाणिज्यिक क्षमता का अनभुव कर सकेंगे। महोत्सव केदौरान शहर में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यटक और निवेशक मेरठ की समद्ध धरोहर और भविष्य की संभावनाओं को करीब से जान पाएंगे।

–श्रम शिखर ब्यूरो






## सप्त रंग-बिरगें

# आपके पसंदीदा रंग में छिपा है आपके व्यक्तित्व का राज, जानें कैसे

हर व्यक्ति का अपना पसंदीदा रंग होता है। पसंदीदा न होने पर भी, हर किसी की रंगों के लिए कुछ प्राथमिकताएं जरूर होती हैं। आमतौर पर हर कोई अपनी पसंद के रंग के हिसाब से ही कपड़े पहनता है। रंग का चुनाव ऐसा होता है जो आपके बारे में बहुत कुछ बताता है कि आप कैसे कार्य करते हैं, आपका व्यक्तित्व कैसा है, आपका स्वभाव कैसा है और दूसरे आपको कैसे देखते हैं। आपके व्यक्तित्व का रंग वही हो जो आप हमेशा पहनते हैं, यह आमतौर पर वह रंग होता है जो आपको सबसे ज्यादा उत्साहित करता है। लेकिन ये वास्तविकता है कि किसी भी व्यक्ति का पसंदीदा रंग उसके बारे में बहुत कुछ बयां करता है। आइएँ िममजंसें िचंतपं, स्पमि ब्बंीं दक ाजतवसवहमत से जानें कि किस तरह से किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व की पहचान उसके पसंदीदा रंग पर निर्भर होती है।

**काला रंग-** यदि आपको काला रंग पसंद है, तो इस बात की तरफ इशारा करता है कि आप स्वभाव से शर्मीले हैं लेकिन जब भी स्थिति की आवश्यकता हो, अपने मन की बात कहने में विश्वास करें। आप आसानी से निराश नहीं होते हैं और जीवन की हर बाधा को दूर करने का प्रयास करते हैं। आप शक्ति और नियंत्रण के लिए प्रयास करते हैं, आप अपनी बातों को गोपनीय रखने पर जोर देते हैं और किसी के सामने खुली किताब की तरह नहीं आते हैं। केवल करीबी दोस्त और रिश्तेदार ही जानते हैं कि आपके जीवन में क्या महत्वपूर्ण है। आप अपने आस-पास और अपने द्वारा की जाने वाली चीजों में भी निर्मलता बनाए रखना पसंद करते हैं

**लाल रंग-** लाल रंग आमतौर पर खतरे का संकेत देता है। हालांकि, रंगों का अर्थ विभिन्न पहलुओं में अलग-अलग होता है। अगर आपको लाल रंग पसंद है तो बताता है कि आप बाहरी दुनिया को पसंद करने वाले स्वभाव के हैं। आप आसानी से दोस्त बना सकते हैं और अजनबियों से बात कर सकते हैं। आप अपना जीवन एक राजा या रानी की तरह जीने में विश्वास रखते हैं। आप बिना किसी डर के अपने सपनों (जानें सपनों का मतलब)को समर्पित रहते हैं और उनके पीछे भागते हैं।इतना ही नहीं आप हर हाल में अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश करते हैं।

**गुलाबी रंग-** आपका व्यक्तित्व आकर्षक है और आप अपने आस-पास के लोगों को सहज महसूस कराते हैं। आप स्वभाव से भावुक हैं और अपनी भावनाओं का सामना करने से नफरत करते हैं। आप अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन को संतुलित बनाए रखना पसंद करते हैं क्योंकि आप दोनों को समान रूप से महत्व देते हैं। आप सपने देखने वाले स्वतंत्र उत्साही स्वभाव के व्यक्ति हैं।

**नीला रंग-**आपकी पसंद के रंग के हिसाब से ऐसा हो सकता है कि जब आप बहुत ही मधुर और मृदुभाषी दिखने की कोशिश करते हैं, तो लोगों को यह नहीं पता होता है कि आपके पास एक और पक्ष है जहां आप कठिन परिस्थितियों में अपने लिए खड़े हो सकते हैं। आप वफादार हैं और दोस्तों और परिवार के बहुत करीब हैं। आप स्वभाव से बहुत अधिक संवेदनशील भी हैं और नाटकीय परिस्थितियों को प्रोत्साहित नहीं करते हैं।

**हरा रंग-**यदि आपका पसंदीदा रंग हरा है तो आप एक स्वतंत्र उत्साही व्यक्ति हैं और जीवन में रोमांच का आनंद लेते हैं। आप एक अत्यंत सामाजिक, अविश्वसनीय, स्नेही और वफादार व्यक्ति हैं। हालांकि, आप अक्सर बेचैन रहते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आप एक चतुर व्यक्ति हैं, जो व्यापार प्रवृत्तियों के बारे में सहज समझ रखते हैं।

**सफेद रंग-**आप हर चीज में अच्छाई देखना पसंद करते हैं। आप एक ऐसे व्यक्ति हैं जो लोगों को शांत कर सकते हैं और स्वयं शांत रहने में विश्वास करते हैं। आप अक्सर अपने शब्दों को सावधानी से चुनते हैं और हर कोई आपके बारे में बहुत कुछ नहीं जानता है। आप एक दयालु आत्मा हैं और लोगों की मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं, भले ही वे अजनबीक्यों न हों।

**पीला रंग-** यह परिभाषित करता है कि आप एक बहुत ही दिलकश स्वभाव के व्यक्ति हैं। आप आशावादी हैं और गलत होने वाली चीजों को छोड़ने से इंकारकरते हैं। आप बहुत ज्यादा भरोसेमंद हैं और हमेशा जीवन के उज्जवल पक्ष को देखते हैं। आप गौरवशाली हैं और किसी भी जगह पर अपनी राय देने से डरते नहीं हैं। आपके व्यक्तित्व की वजह से लोग आपकी कंपनी पसंद करते हैं।

**बैंगनी रंग -** आप दूसरे लोगों के विचार और राय सुनना पसंद करते हैं। आप स्वभाव से होशियार और मजाकिया हैं। आपको लोगों को सलाह देना पसंद है और आप इसे अपने दिल से पसंद करते हैं। आप स्वभाव से स्वतंत्र हैं और अपने आप में ऐसी क्षमता रखते हैं जो आपको दूसरों से अलग बनाती है।इस तरह आपके पसंद के रंगों से आपके व्यक्तित्व का पता लगाया जा सकता है। हालांकि ये एक सामान्य अवधारणा है और हर एक व्यक्ति के हिसाब से अलग प्रभाव डालती है।

सकारात्मक-सूचनात्मक उपयोगी समाचार प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981
E-Paper :shramshikhar.com
केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, उत्तर प्रदेश विद्युत विभाग एवं भारतीय रेलवे से विज्ञापनों हेतु स्वीकृत डाक- पंजीकरण संख्या-मेरठ 153.2025.2027 RNI No.UPHIN /2009/31760
साप्ताहिक अखबार श्रम शिखर श्रीकृष्ण भवन (लेन अपोजिट शिव लोक कॉम्पलैक्स), 283/1, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ, मो0 9219660359
प्रधान सम्पादक : सुनीता रानी 9897373736
प्रबन्धक : राकेश गुप्ता 9219660359
बिक्री प्रबन्धक : अश्विनी गुप्ता 9358402365
इंटरनेट प्रबन्धक : मेघा अग्रवाल 9219660359
संरक्षक : ब्रज भूषण 9457213164
कानूनी सलाहकार : दिनेश कुमार चतुर्वेदी एडवोकेट :0121-2760145, 9720171549
मार्केटिंग टीम : 9219660359, 9411990449,
वरिष्ठ नागरिक संयोजक
श्री सुदेश चन्द्र शर्मा पुत्र पं0 होराम शर्मा 245 खारी कुंआ कोतवाली मेरठ, 8630180430
उ0प्र0 ब्यूरोचीफ : अभिलाष गुप्ता 9412203620 प्रभारी दिल्ली एवं महाराष्ट्र : मंजरी गुप्ता, 42 अनामिका अपार्टमेन्ट इन्द्रप्रस्थ विस्तार पटपड़गंज, नई दिल्ली-92
202, बाहर बिल्डिंग, दूरदर्शन हाउसिंग सोसाइटी, गोकुल धाम, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई-63

**श्रमशिखर कार्यालय**

मेरठ–श्रीकृष्ण भवन,283, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ। (0121–2641338) सद्भावना 68ए सांईपुरम, दिल्ली रोड, मेरठ। (9219660359), उत्तराखण्ड – श्री राजेश कुमार गुप्ता, श्री ओम वैष्णव भोजनालय,78 गांधी रोड, देहरादून (9411548998), गाजियाबाद– (09540018282), अमित कुमार, 705 सी टॉवर, सातवां तल, जी0एच0 1/1, सैक्टर 01, ग्रीन एक्सप्रेस, वैशाली गाजियाबाद,उ0प्र0 09560115905, दिल्ली– राखी मित्तल–एफ–1, त्रवेणी कॉम्पलेक्स शेख सराय फेस–1, न्यू दिल्ली–110017 मो0 9868511922 हरियाणा– राखी मित्तल, रीचमण्ड पार्क डीएलएफ, फेस–4, गुडगांव हरियाणा। मो0 9868511922 मुजफ्फरनगर– विजय बुक स्टोर, मेन रोड, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर। फोनः 9897185208, 9152911899 दिल्ली– **Ankit Sisodia GF - 89, Kailash Hills, East of Kailash, New Delhi-110065** श्रीमती रंजीता गर्ग, बी–120, शॉप नं.5, पांडव नगर दिल्ली मो. 9911808555 लखनऊ– अजय श्रीवास्तव, 3/20,विकास नगर लखनऊ फोन. 9335208218, मुम्बई–अचल गुप्ता, बी– 1603 सनटैक सिटी, गोरेगांव वेस्ट मुम्बई मो.20939916, सरधना–महेश गुप्ता, न्यूज पेपर एजेन्ट मौहल्ला –गुजरान,सरधना, मेरठ । श्रीमति नेहा गोयल फ्लैट नं0 1207 गोमेड ब्लॉक ''माई होम जैवल'' मदीनागुड़ा हैदराबाद 500049

डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ
**153-2025-2027 RNI No. UPHIN/2009/31760**

मालिक, प्रकाशक, मीना भूषण ने मुद्रक प्रिटिंग – इम्प्रेशन्स प्रिटिंग – पैकेजिंग लिमिटेड, 164/1, मोहकमपुर, दिल्ली रोड़, मेरठ– 250002 से मुद्रित कराकर श्रीकृष्ण भवन, गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड मेरठ से प्रकाशित किया।
सम्पादकः सुनीता रानी
प्रबन्धकः राकेश गुप्ता
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों एवं लेख के चयन एवं सपांदन हेतु जी. आर.वी. एक्ट के अर्न्तगत उत्तर दायी समस्त विवाद मेरठ न्यायालय के अधीन ही होगें।

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



MATRIMONAL
वैवाहिक परिचयः- वैवाहिक विज्ञापन में कार्य समूह और आर. एच. फैक्टर जांच कराकर प्रकाशित करायें। यह जन्मपत्री के साथ विज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मिलान है आवश्यकता/उपलब्धता




## इस जगत का सार्वाधिक आश्चर्यजनक नियम है गडढे का रहस्य

यह इस जगत का सर्वाधिक आश्चर्यजनक नियम हैरू जो गड्ढे तुम दूसरों के लिये खोदते हो, उनमें स्वयं गिरना पड़ता है। फिर तुमने चाहे गड्ढे जानकर खोदे हों चाहे अनजाने खोदे हों।
जो कांटे तुम दूसरों के लिये बोते हो, वे तुम्हारे ही पैरों में छिदेंगे। अगर फूलों पर चलना हो तो सभी के रास्तों पर फूल बिखराना, क्योंकि तुम्हें वही मिलेगा जो तुम दोगे।
वही मिलेगा जो दोगे। जिंदगी दोगे, जिंदगी मिलेगी। जिंदगी लोगे, जिंदगी छिन जायेगी। जगत प्रतिध्वनि करता है। गीत गाओ, चारों तरफ से गीत तुम पर बरस जायेंगे। गालियां दो, चारों तरफ से गालियां तुम पर बरस जायेंगी। जो चाहो लो। मगर शर्त यही है कि वही दोगे तो मिलेगा। जगत प्रतिदान है। तुम दान करो। जगत प्रतिदान है। हजार गुना होकर लौट आता है सब।

एक सूफी कहानी। एक चोर रात के समय किसी मकान की खिड़की में से भीतर जाने लगा, कि खिड़की की चौखट टूट जाने से गिर पड़ा और उसकी टांग टूट गयी। अगले दिन उसने अदालत में जाकर अपनी टांग के टूटने का दोष उस मकान के मालिक पर लगाया।
मकान-मालिक को बुलाकर पूछा गया, तो उसने अपनी सफाई में कहारू इसका जिम्मेदार वह बढ़ई है, जिसने कि खिड़की बनायी। बढ़ई को बुलाया गया, तो उसने कहा कि मकान बनाने वाले ठेकेदार ने दीवार का खिड़की वाला हिस्सा मजबूती से नहीं बनाया था। ठेकेदार ने अपनी सफाई में कहारू मुझसे यह गलती एक औरत की वजह से हुई, जो वहां से गुजर रही थी। उसने मेरा ध्यान अपनी तरफ खींच लिया था।

जब उस औरत को अदालत में पेश किया गया, तो उसने कहारू उस समय मैंने बहुत बढ़िया लिबास पहन रखा था। आमतौर पर मेरी तरफ किसी की नजर उठती नहीं है। सो, कसूर उस लिबास का है जो इतना बढ़िया सिला हुआ था। न्यायाधीश ने कहारू तब तो उसे सीने वाले दर्जी को बुलाया जाये, वही मुजरिम है। उसे अदालत में हाजिर किया जाये। वह दर्जी उस स्त्री का पति निकला और वही वह चोर भी था जिसकी टांग टूटी थी।



- ओशो
रजनीश भगवान

## सद्भावना समिति जागरूकता कोना

### सद्भावना समिति द्वारा जनहित के विकास के लिए मुख्य जानकारी–

Steps to get Ayushman card for Senior citizens above 70:-

Download "Ayushman" app from Google Play Store and open

Click on login

Select "Beneficiary"

Enter mobile number as per Aadhar and click on verify

Enter OTP

Login screen will open, scroll down to the end.

You will find a button for enrollment for above 70

Click on the button

Enter Aadhar card number and click on verify

Two different OTP- one for Aadhar and one for mobile number will come

Enter both OTP carefully

You will see Aadhar details below and a camera button just beside it.

Click on Camera button to take photo of Senior citizen and submit

Ayushman card will appear with status "Enrolled" and a message

- Download Ayushman card later

- I do hope these guidelines would be helpful.

## हमारे बुजुर्ग-हमारी सम्पदा (मार्ग -दर्शक हमारे वरिष्ठ नागरिक)

वरिष्ठ नागरिक परिपक्व पुष्प है जिसकी सुगंध से समाज को उनके अनुभवों द्वारा लाभन्वित किया जा सकता हैं। क्योकि प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक एक स्वयं संस्थान है। जिसके द्वारा युवा पीढ़ी मार्गदर्शन प्राप्त कर विकास के पथ पर अग्रसर होगी। वरिष्ठ नागरिक फोरम सद्भावनाा समिति मेरठ का मिशन है। कि मेरठ के सभी वरिष्ठ नागरिकों की रचनात्मकता का सदुपयोग हो इसके लिए प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक का परिचय पत्र बनायें जायेगा तथा प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को श्रम शिखर समाचार पत्र की वर्षिक सदस्यता प्रदान की जायेगी जिससे वे अपने अनुभव, रचनाएं (कविता, कहानी, लेख आदि) श्रम शिखर में प्रकाशन हेतू भेज सके।

## क्या बुढापा कोई बीमारी हैं..........

क्या बुढापा कोई बीमारी है या नही, यह तो ईश्वर की दी हुयी सौगात है जिसे यह तो ईश्वर की दी हुयी सौगात है। जिसे ईश्वर ने सबको उपहार में दी है। यह संदेश देने के लिए कि संसार में सुखों के साथ दुख भी आते है। अनका संदेश मानव जीवन के लिये कितना प्यारा, कल्याणकारी ज्ञान है। इसका जिसकों अनुभव है वही समझ सकता है। बचपन, जवानी, बुढ़ापा सबसे ज्यादा दुसहय दुखदायी पीड़ादायक है।
जिसको सम्मान यदि कोई कर लें बस-वही जीवन को जीत सकता है। इसकी कोई दवा नही हर कष्ट का कारण चितंन द्वारा कम किया जा सकता है। इस अवस्था में शरीर शिथिल स्वभाव में चिडाचिडापन, सोचने, सुनने व चलते फिरते काम करना सभी की स्थिति कमजोर हो जाती है। इन्द्रियों का वशीकरण खान-पीन का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। बुढ़ापा अवश्यम्भावी है अत: इसके बारे में सोचिएं कम, हिम्मत से सामना करें। यह बचपन और जवानी के बाद सब पर आता है। चाहने अफसर हो या छोटा कोई नेता, योगी, साधू, सभी पर आती है। डरिये मत हिम्मत व समझदारी से सामना करये इस बिमारी को कोई औषधि ज्यादा न खाइयें साधारण खान, पीन समय का व मौसमनुसार है चीज का सेवन करियें। बुढापा सुखी और अच्छा कटेगा। बात-बात में झगडना अनुचित मत बोलिएं बस-बुढापा धीरे-धीरे कट ही जायेगा।
मेरी माने बुढापा कोई बीमारी नही बल्कि अवस्था है। जिसको हर किसी को भुगतना पडता है। जो युवक इस समय पैसो अथवा पदवी के रोए में अपनें बडे बूढ़ो का मजाक या अपमान करते है। उन्हें भी एक दिन इस स्थिति में गुजरना पड़ेगा। तब उनको उनकी मजबूरी, कष्ट और समास्याओं का पता चल पायेगा।
अत: इस स्थिति में उनका अपमान हंसी उडाना आदि छोडकर सहयोग एंव हमदर्दी से व्यवहार करें। वे स्वयं यदि अच्छा व्यवहार करेगें। तभी आगे वाली संतान भी अनुसरण कुछ अच्छे संस्कारों में लिपट कर एक अच्छी सांस्कृति सीख पायेगी।
अंत में बुढापा यह कोई बिमारी नही बस ध्यान रखिएं समय अच्छा कटेगा।
-

**ऊषा महेन्द्रि**
**अवकाश प्राप्त शिक्षिका**

## सोच का समय जीवन का अनुभव

जब तक तुम घर से बाहर नहीं निकलोगे, तब तक तुम्हें पता नहीं चलेगा कि जीवन क्या है। घर से बाहर निकलना नहीं सिर्फ शारीरिक रूप से ही नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक रूप से भी होना चाहिए। अनुभव ही जीवन का सबसे बड़ा शिक्षक है, और अनुभव के लिए घर से बाहर निकलना जरूरी है। जब तुम घर से बाहर निकलते हो, तो तुम्हें अपने आप को और दुनिया को नए तरीके से देखने का मौका मिलता है।
घर से बाहर निकलने से तुम्हारी सोच बदल जाती है, तुम्हारे विचार बदल जाते हैं, और तुम्हारा जीवन बदल जाता है। अनुभव के लिए घर से बाहर निकलना जरूरी है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि तुम अपने आप को भूल जाओ। - विवेकी जन

## झूठ मत बोलिए...

झूठ कितना भी बोलिये एक दिन आपकी झूठ रूपी नाव ब्याज के साथ जरूर डूबेगी माना सचको मुश्किल होती है किन्तु एक दिन सूरज की तरह सबके सामने जरूर आता है सोच अच्छी होनी चाहिए क्यों कि नजर का इलाज मुमकिन है पर नजरिए का नहीं खुश होना है तो तारीफ सुनिए और बेह्तर होना है तो निंदा लोग आपसे नहीं आप की स्थिति



से हाथ मिलाते हैं यही जीवन का कड़वा सत्य है जैसे जैसे नाम आपका ऊंचा होता है, वैसे वैसे शांत रहना सीखिए क्योंकि आवाज हमेशा सिक्के ही करते है नोटों को कभी बजते नहीं देखा

- जय श्री राधा-कृष्णा

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



EDUCATION
शिक्षा कार्य- शिक्षा संबन्धित जानकारियों और विभिन्न कोर्सो के विज्ञापन हेतू आवश्यकता/उपलब्धता